यों तो इस विधेयक की धारायें ठीक हैं लकिन इस में इन नौकरों के लिये बहुत सी एमेनटीज़ की बातें और कुछ दूसरी बातें नहीं हैं, फिर भी मैं समझता हूं कि मुल्क के लिये, देश के लिये, और शह ों के लिये, इस तरह के क.नून का जरूरत है । हमने

दुकानों में काम करने वालों के लिये एक कानून बना दिया । दुकान के मालिक और कर्मचारियों का रिश्ता कानूनन तय कर दिया। इसी तरह से कारखाने में काम करने वालों के लिये कानून बनाया और उसके लिये यह नियम भी बनाया कि वहां १० साल तक का या १२ साल तक का बच्चा काम नहीं कर सकता है । जब इन सब लोगों के लिये कानून बनाया है तो कोई वजह नहीं मालूम होती है कि इन लाखों आदमियों के लिये कोई कानून क्यों न बनाया जाये । मियां बीबी का रिश्ता होने के लिये कानून है, हर चीज़ में कानून का दखल है लेकिन घरेलू नौकरों को इम्प्लाय करने वालों के रिश्ते के बारे में कानून नहीं है । इन से रात १२-१२ और १-१ बजे तक जगा कर काम ले सकते हैं, सिनेमा से आ कर कह सकते हैं कि चाय पीयेंगे और उन से बनवा सकते हैं । १० साल के और उस से भी छोटे छोटे बच्चे नौकर काम करते हैं । तो उनको दशा बहुत खराब है । इस में कोई शक नहीं है कि बाज रईसों के यहां इनकी दशा बहुत अच्छी है लेकिन आम तौर से घरेलू नौकरों की दशा अच्छी नहीं है ।

तो, जैसा कि मैंने अर्ज किया कि इस कानून के बन जाने से इन नौकरों की हालत तो सुधरेगी ही लेकिन साथ ही साथ जो नौकर रखने वाले हैं उनको भी यह लाभ होगा कि उन्हें खुद काम करने की आदत हो जायेगी और मैं तो समझता हूं कि इस कानून से उनका ज्यादा सुधार हो जायेगा, वे लोग समाजवादी समाज के मुताबिक ढल जायेंगे और अपना काम जब खुद करने लगेंगे तो उन्हें काम की कद्र मालूम होगी और यह मालूम होगा कि बर्तन कैसे मंजते हैं, कपड़े कैसे धुलते हैं । मुझे तो नौकर रखने वालों की दृष्टि से यह कानून ज्यादा अच्छा मालूम होता है क्योंकि इससे उनकी जिन्दगी अच्छी और काम की हो जायेगी और अभी जो उनमें अहदीपना है वह नहीं रहेगा । तो इस दृष्टि से मैं इस विधेयक का बहुत स्वागत करता हूं । इससे डिगनिटी आफ लेबर बढ़ेगी । हां, इस बिल में अगर थोड़े से सुधार कर दिये जायें तो अच्छा है ।

इसमें एक जगह यह भी दिया है कि अगर कोई नौकर रखेगा तो वह पुलिस को इसकी रिपोर्ट देगा और उसकी इंक्वायरी हो जायेगी । आप अखबार में अक्सर पढ़ते हैं कि दिल्ली में इनकी वजह से चोरियां हो जाती हैं तो अगर इस तरह से नौकरों का बैकग्राउंड मालूम हो जायगा तो यह चीज नहीं होगी । इसके अलावा इस बिल में यह भी दिया है कि १८ साल से कम के नौकरों को ३० रु० महीना और १८ साल से ऊपर के नौकरों को ४० रु० महीना मिलेगा । लेकिन इसके साथ साथ मैं समझता हूं कि यह भी ज़रूरी है कि इनके लिये कोई न कोई कम से कम उम्र ज़रूर लगनी चाहिये कि इससे कम उम्र के नौकर नहीं रखना चाहिये । बहुत छोटे छोटे लड़के नौकर रख लिये जाते हैं और इस तरह उनकी जिन्दगी खराब हो जाती है और उनकी तालीम का कोई इन्तजाम नहीं होता है ।

दूसरी चीज़ यह है कि इस बिल में एमेनिटीज़ देने के बारे में कुछ नहीं है । तनख्वाह की बात इसमें दी गई है लेकिन खाना, कपड़ा, रहने के लिये जगह और दूसरी चीज़ों के बारे में इसमें कोई इन्तजाम नहीं है, तो इन सब बातों के लिये भी कोई न कोई प्राविजन इसमें होना चाहिये ।

तीसरी चीज़ यह है कि इसमें एक जगह पार्ट टाइम नौकरों के बारे में दिया है कि जो लोग बर्तन मांजने और मुख्तलिफ काम करने के लिये सिर्फ थोड़ी देर के लिये आयें उनके ऊपर यह कानून एप्लाई नहीं करेगा और दूसरी जगह यह दिया हुआ है कि जो पार्ट टाइम नौकर हैं उनको भी इसमें शामिल किया जाय, तो यह एक कांट्रेडिक्शन है । इसको देखना चाहिये । मेरा यह भी कहना

[श्री ओंकार नाथ]

कि पार्ट टाइम सर्वेंट्स को छोड़ कर जो होल-टाइम सर्वेंट्स हैं उनकी बीमारी के समय इलाज की जिम्मेदारी मालिक पर होनी चाहिये और इसके अलावा उनकी पढ़ाई का और उनके रहने के लिये सब इन्तजाम होना चाहिये । इसमें किसी तरह की ऐमिनिटीज़ की बात नहीं कही गई है, सिर्फ ३० या ४० रु० तनख्वाह देने से ही उनकी गुजर नहीं हो सकती है ।

श्री अवधेश्वर प्रसाद सिंह (बिहार) : तनख्वाह के अलावा और क्या देना चाहिये ?

श्री ओंकार नाथ : चौथी बात यह है कि फरीदुल हक साहब ने बताया था कि इसमें जो १० घंटा काम के लिये रखा गया है वह ज्यादा है । मेरा यह कहना है कि कारखाने के मजदूरों के लिये जो ८ घंटा रखा गया है उसमें वे लगातार काम करते हैं, चाहे वे स्पिनिंग में हों या चाहे वीविंग विभाग में हों, वे लगातार काम करते हैं लेकिन घरेलू नौकरों का यह है कि ये २ घंटे काम भी कर लेते हैं और फिर २ घंटे इनको आराम भी मिल जाता है । तो होना यह चाहिये कि इसी १० घंटे में से २ घंटे के लिये इनको खाने की छुट्टी दे दें और यह कर दें कि ऐट ए टाइम ६ घंटे से ज्यादा काम न लें । अगर काम के घंटे बहुत ज्यादा कम कर देंगे तो फिर आम तौर से लोग पार्ट टाइम नौकर ही रखना चाहेंगे और उसका नतीजा यह होगा कि इनको काम नहीं रहेगा . . .

डा० श्रीमती सीता परमानन्द : चाइल्ड लेबर के बारे में इसमें कोई तजवीज़ नहीं है ?

श्री ओंकार नाथ : वही तो मैंने कहा कि बड़ों को ही नौकर रखना चाहिये और होल-टाइम नौकरों पर यह कानून ऐप्लाई करना चाहिये और होल-टाइम नौकरों को तनख्वाह के अलावा और फैसिलिटीज़ भी देना चाहिये और इलाज वगैरह की जिम्मेदारी मालिक पर होनी चाहिये । इसके अलावा यह भी कहना है कि अगर नौकर पुराना हो गया है, यानी वह १५/२० साल से नौकरी करता रहा है, बूढ़ा होकर छोड़ता है, तो उसको प्राविडेंट फंड की शक्ल में, ग्रेचुएटी की शक्ल में, या किसी भी शक्ल में, कुछ न कुछ मिलना चाहिये । इसके अलावा उनके लिये छुट्टी वगैरह का भी इन्तजाम होना चाहिये ।

तो मेरा कहना है कि राजभोज जी को इस बिल को थोडा इम्प्रूव करना चाहिये लेकिन चूंकि इसके पीछे जो उद्देश्य है वह अत्यन्त अहम और उपयोगी है, इसलिये मैं इस की ताईद करता हूं । मैं समझता हूं कि इससे नौकरों की हालत और मालिकों की आदत दोनों में सुधार हो जायेगा । मेरा यह भी कहना है कि सोशल रिफार्म और सोशल वर्क के साथ साथ सोशल कानून भी होना चाहिये, जब दोनों काम साथ साथ चलेंगे तभी काम बन सकता है ।

मैं समझता हूं कि अब वह समय आ गया है जब कि हमें घरेलू नौकरों को प्रोटैक्शन देने के लिए कोई न कोई प्रबन्ध करना चाहिए, जिस तरह से कि हमने देश के और कर्मचारियों को प्रोटैक्शन देने के लिए प्रबन्ध किया है, जिससे कि उनकी हालत सुधरे और जो नौकर रखने वाले हैं उनकी आदत भी सुधरे और वे सिर्फ नौकरों पर ही निर्भर न रहें । इस दृष्टि से मैं इस बिल का स्वागत करता हूं । धन्यवाद ।

श्रीमती कृष्णा कुमारी (मध्य प्रदेश) : सभापति महोदय, आज हमारे सदन में यह बात चल रही है कि घरेलू नौकरों के लिए कानून बनाना चाहिए । मैंने इस बारे में बहुत कुछ सुना, उसको समझा और उस पर विचार किया लेकिन मेरी समझ में यह नहीं आता है कि जब हम लोगों के दिल और दिमाग में परिवर्तन नहीं हुआ है तो फिर इस बारे में कोई भी कानून बना

देने से कैसे काम चलेगा । जो घरेलू नौकर हैं वे तो कहीं कहीं इतने मिलजुल जाते हैं कि वे परिवार के एक सदस्य की तरह हो जाते हैं, वे परिवार के एक अंग माने जाते हैं और वे उसी ढंग से रहते हैं । यहां नौकरों के और मालिकों के खाने में, पीने में कोई भी अन्तर नहीं रहता है । जहां तक यह सवाल है जो कानून का रूप है उससे मुझे प्रत्यक्ष दीख रहा है कि बेकारी बहुत ज्यादा बढ़ जायेगी क्योंकि हमारा भारतवर्ष यूं ही बहुत गरीब देश है । इसमें चंद लोग ऐसे धनी, पंजी और रुपये वाले हैं जो कि नौकर रख सकते हैं, नहीं तो आम तौर से हर एक स्त्री अपने घर का कामकाज कर लेती हैं । यह देश एक कृषि प्रधान देश है । यहां पर बहुत ज्यादा कृषक लोग रहते हैं जो अपने हाथ से हरेक काम करते रहते हैं । उन्हें नौकर रखने के लिए रुपया कहां से मिले । आज कोई भी कानून बनाने से पहले हमें यह देखना है कि हमारे सरकारी कर्मचारी जो कि अस्सी रुपया पाते हैं उन्हें खाने पहिनने के अलावा कितना पैसा बच रहता है । जो हमारे अध्यापक लोग डेढ़ सौ रुपया माहवार तनख्वाह पाते हैं, जो कि लड़कों को शिक्षा देते हैं, गुरू माने जाते हैं, उन्हें अपने पारिवारिक खर्च के बाद कुछ पैसा अपने जेब खर्च के लिए भी बच पाता है ? आज जब यह परिस्थिति हमारे भारतवर्ष की है तो हम नौकरों के लिए एक कानून बनायें और उसके आधार पर चलें यह ठीक बात है । आज हम पालियामेंट के मेम्बर बनकर यहां पर बैठे हैं, चार सौ रुपया माहवार हमको मिलता है और ऊपर से जब सेशन चलता है तब २१ रु० रोज का भत्ता मिलता है लेकिन हमें यह नहीं भूल जाना चाहिए कि हम किस प्रदेश से आये हैं, किस परिस्थिति में हम रह आए हैं और किस जगह से निकल कर आए हैं । आज इतने रुपये जब हमको मिलते हैं और कुछ साधन व सुविधाएं हमको मिलती हैं तो हमें पुरानी परिस्थितियों को नहीं भूल जाना चाहिए इसलिए मैं यह कहती हूं कि कोई कानून बनाने के पहले भारतवर्ष की परिस्थिति को और नागरिकों की अवस्था को देखना चाहिए । जो बीच के लोग हैं वे पहले भी पिसे, आज भी पिसे, अब भी पिस रहे हैं । उनके लिए क्या है ? आज हम हरेक वर्ग के उत्थान के लिए चल रहे हैं पर यह नहीं देखते कि हमारे ब्राह्मण वर्ग में कुछ तो पंडिताई करके अपनी गुजर कर रहे हैं, कुछ दर दर भिक्षा मांगने पर भी अपना पेट नहीं भर पा रहे हैं । उनके लिए कौन सा कानून हमारा बन रहा है ? बहुत से क्षत्री ऐसे हैं जिनके लड़कों के बदन पर चीथड़े पड़े हैं, उनको शिक्षा देना चाहते हैं पर दे नहीं पा रहे हैं, उनके पास न पैसा है न वे अपने बालकों की पुस्तकें मंगा सक हैं । मैंने देखा है कि पुस्तकें न मंगा सकने के कारण उनकी पढ़ाई बन्द है । और वे क्या करते हैं कि लड़का इधर उधर कहीं किसी के घर में जाकर काम करने लगता है तो उनकी स्थिति थोड़ी सी सुधर जाती है । तो इस स्थिति को सुधारने में बंधन लगाना मैं उचित नहीं समझती हूं । मैं यह समझती हूं कि घरेलू कर्मचारी कभी १० घंटे काम नहीं करते ।

[THE VICE-CHAIRMAN (SHRI AKBAR ALI KHAN) in the Chair.]

आप देखिये, सोच विचार कर देखिये कि क्या कोई दस घंटे काम कर सकता है ? दस घंटे लगातार काम कर ही नहीं सकता ।

श्री पां० ना० राजभोज : बहुत काम करते हैं ।

श्रीमती कृष्णा कुमारी : बहुत काम क्या होता है ? दस घंटे बराबर वे नहीं लगे रह सकते—दो घंटे काम किया तो दो घंटे आराम किया । आराम का वक्त भी उनके काम में शुमार हो जाय यह कोई अच्छी बात मेरी समझ में नहीं आती ।

श्री अनोलख चंद (उत्तर प्रदेश) : बिल्कुल गलत बात है ।

श्रीमती कृष्णा कुमारी : यह बिल्कुल गलत चीज है । अभी आप देखिये कि हम लोग चाय वगैरा पी कर चले आए और यहां से खाना खाने के लिए एक बजे तक जायेंगे । इस बीच नौकर क्या करेगा ? चहलकदमी करेगा, घूमना फिरना करेगा । ऐसा ही और घरों में भी होता है, घरों में सीमित काम होता है । हां, एक चीज मानने के लिये मैं तैयार हूं कि हम लोग जैसे भारतीय हैं वैसे ही रहन सहन भी भारतीय है । खाना पीना भी हमारा भारतीय है । अंग्रेजों की तरह बिल्कुल सीमित समय पर हम नहीं चल सकते । अगर सीमित समय पर चलेंगे तो हमारे सिनेमा हाउसेज नहीं चलेंगे क्योंकि तब वे देखने कैसे जायेंगे ? उन्हें तो यह डर लगा रहेगा कि अगर हम सिनेमा देखने जाते हैं तो हमें खाना नहीं मिलेगा । जिनकी बीवी है वे तो खाना पा जायेंगे—मियां बीवी गये और फिर खा कर मस्त रहेंगे । इसलिए उधर भी हमारी आय कम होती है । हमें तो कोई कानून हरेक परिस्थिति को देखकर, ध्यानपूर्वक समझकर बनाना चाहिये और वह कानून बनाया जाय जो स्तैमाल हो, जो आम पब्लिक के साथ आए और चलें । तभी वह ज्यादा उपयोगी सिद्ध हो सकता है । लेकिन हरेक काम में अडंगा लगायें, हम स्त्री हों या पुरुष हों, कि यह कानून जरूर बनना चाहिये और जरूर होना चाहिये तो भाई, सबसे पहले हम लोगों को चाहिये कि अपने दिल व दिमाग को साफ करें और नौकरों के दिल व दिमाग को साफ करें । लक्षमण जी स्वीकार कर चुके हैं कि सेवाभाव सबसे कठिन है । ऐसा कौनसा नौकर है जो सेवाभाव करके तुम्हारा गुजारा करेगा । आज उतनी ईमानदारी नहीं है, आज उतना सेवा भाव नहीं है और आज पुरानी परिस्थितियां हमारे पास नहीं हैं । आज मैं पन्द्रह रु० माहवार किसी को देती हूं तो मुझे साठ रु० माहवार पड़ते हैं क्योंकि पांच रु० माहवार मुझे नौकर के कपड़े के लिये चाहिये, एक रु० रोज के हिसाब से ३० रु० माहवार का खाना बैठ जाता है। आप सोचिये किस आदमी की इतनी आय है । कौन कृषक आज ऐसा है जो अपने यहां इतनी उत्पत्ति कर रहा है कि अपने बाल-बच्चों का पालन पोषण कर ले, सरकारी लगान भी दे, कपड़े लत्ते जुटा ले और ऊपर से नौकर भी रख ले। किसी की आय है इतनी ? भाई, हम लोग दिल्ली में आते हैं तो बड़ी बड़ी बिल्डिगें देखने को मिलती हैं, बड़े बड़े पूंजीपति दिखायी देते हैं, बहुत से नौकर भी इधर उधर घूमते रहते हैं । तनिक गांवों में जाइये और देखिये वहां कैसी हालत है, चलिये हमारे गांव में । आज भी मैं दावे के साथ कहती हूं, मैं पालिया-मेंट की मेम्बर हूं, पर अपने घर में एक किसान हूं । आप चलिये, मेरे घर के लड़के दौड़ दौड़ कर आपको खाना देंगे, पानी देंगे, थाली ले आयेंगे । हम जात-पांत का विचार नहीं करते, हम आपकी थालियां धोवेंगे । लेकिन यहां मैं पालिया-मेंट की मेम्बर बन कर बैठी हूं । तो घर और गांव में तो वहां की परिस्थिति देखकर, अपनी जनता को साथ लेकर भाई साहब, हम लोगों को चलना है और जब तक हम उन्हें साथ लेकर नहीं चलते तब तक मैं कैसे विश्वास कर सकती हूं कि कोई भी कदम हमारा ठोस है और उचित है । इसलिये मैं कहती हूं कि कुछ भी करने से पहले, कोई भी कदम उठाने से पहले हमें सबसे पहले सोच लेना चाहिये कि जब हम कांग्रेस के कार्य में थे और . . .

श्री पां० ना० राजभोज : आपको सर्वेन्ट नहीं मिलेगा ऐसी बातों से ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI AKBAR ALI KHAN): Please do not disturb. You will have your say. Let her go on.

श्री पां० ना० राजभोज : गलत बात है, इसलिये मैं कह रहा हूं ।

श्री अनोलख चन्द : सही बातें हैं, गलत कैसे हैं ?

पुनर्वास तथा अल्पसंख्यककार्य मंत्री (श्री मेहर चन्द खन्ना) : नेता बन गये और क्या चाहते हैं ।

श्रीमती कृष्णा कुमारी : जिस समय हम लोगों ने यह दीक्षा ली थी, महात्मा जी के कार्य में हाथ डाला था उस समय हम लोग जेलखाने में यह सोच कर नहीं गये थे कि हमें कल इसके परिणामस्वरूप पार्लियामेन्ट की मेम्बरी मिलेगी । बिल्कुल नहीं । जहां हममें त्याग करने के लिये भावना है वहां हम सदा अपने भाइयों की सद्भावना का ख्याल करेंगे । मैं कहती हूं कि कई बार मैंने ही अपने घर को बेचा है । जितने जुर्माने हुए हैं मुझे इसी तरह देने पड़े हैं और लड़कों की पढ़ाई दो दो साल, तीन तीन साल तक रुक गई है । उस समय यह ख्याल थोड़े ही था कि ये पढ़ लेंगे तो खूब रुपया कमायेंगे । अगर यही चीज होती तो हजारों की मालकिन हो सकती थी ।

श्री अनोलख चन्द : सही बात है, राजभोज यही चाहते हैं ।

श्रीमती कृष्णा कुमारी : तो जो त्यागमय भावना है, दूसरों की सेवा करने की लगन वाली भावना है, कौन बद-दिमाग ऐसा होगा कि जिसका नौकर सच्चे दिल से और मुस्तैदी के साथ सेवा करता हो वह अपने बच्चे से ज्यादा उस नौकर को न चाहता हो । ऐसा आदमी हमारे भारतवर्ष में नहीं है जो अपने सेवकों को दुर्भावना की दृष्टि से देखता हो ।

श्री पां० ना० राजभोज : बहुत से लोग देखते हैं ।

श्रीमती कृष्णा कुमारी : जो देखते हैं उनको आपका यह कानून भी पाबन्द नहीं कर सकता । भाई साहब, मैं यह कहती हूं कि कानून के ज़रिये कोई भी पाबंदियां नहीं आ सकतीं । आज भी मैं दावे के साथ कहती हूं कि तीन तीन साल, छः छः साल के लड़कों की, सात सात साल के लड़कों की शादी हो रही है । क्या काननून हो रहा है ? क्योंकि हम लोगों के दिल व दिमाग नहीं बदल रहे हैं । आप कहते हैं कि हरिजनों में काम करते हैं । मैं कहती हूं कि उन्हीं की ऐसी परिस्थिति है कि वे कहते हैं साल भर भी ज्यादा हो जायगा तो शादियां ही नहीं होंगी—कुछ थोड़े बुजुर्ग भी ऐसा कहते हैं । हर एक गांव में हर एक जाति में यह बात देखने में आती है । इसलिए मैं कहती हूं कि कानून ही बन जाने से कोई बात नहीं होती । हमें सिखाना होगा, हमें अपने नौकरों को समझाना होगा । नौकरों को एक ऐसी तालीम देनी होगी कि इस ढंग से काम करना चाहिये, इस ढंग से रहना होगा, इस ढंग से तुम आगे बढ़ सकते हो । जो सुनने में आता है चालीस रुपये नौकरों की तन्ख्वाह है, बाबा तीस तो वह खा ही लेगा ।

श्री पां० ना० राजभोज : कौन देता है ?

श्रीमती कृष्णा कुमारी : अब भाई साहब खुद ही सोचिये कि वह चालीस रुपये में किस तरह से अपनी गुजर बसर कर सकता है । जब आजकल नौकर किसी घर में रहता है तो वह खाना भी खाता है, चाय भी पीता है, नाश्ता भी करता है, अगर हम उसे पूरा न भी दें तब भी उसे आधा नाश्ता देना ही

[श्रीमती कृष्णा कुमारी]

पड़ता है । इस तरह से नौकर को इस समय पैसे के साथ साथ खाना भी देना पड़ता है जिससे वह थोड़ा बहुत रुपया बचा लेता है । जब आप नौकर की तन्ख्वाह ४० ० रख देंगे तो किस तरह से कोई अपने यहां नौकर रख सकेगा जब कि उसकी इतनी आय नहीं होगी। इसलिए मैं कहती हूं कि जो कानून की बात है उस पर सरकार को बहुत अच्छी तरह से विचार करना चाहिये । पहले हमें अपने शिक्षकों को, जो हमा े गुरु हैं, उनकी हालत को सुधारना चाहिये । आज हम देखते हैं कि उनको १५० पया मासिक तन्ख्वाह मिलती है । इतनी थोड़ी तन्ख्वाह में एक शिक्षक जिसके वहां एक लड़का, एक स्‍ री ौर दो बच्चे हैं, कपड़ा, खाना और दूस ी चीजों का कैसे प्रबन्ध कर सकता है । जो शिक्षक हमा े बच्चों को एक अच्छा नागरिक बनाने वाला है जब हम उसको पेट भर खाने के लिए नहीं देंगे ो वह किस तरह से हमा े बच्चों को अच्छी शिक्षा े सकेगा ? आज हमारे शिक्षकों की दशा बहुत ही शोचनीय और दय ीय है । हम कानून द्वारा ऐसी व्यवस्था करें जिस से उनकी दशा सुधर जाय और वे हमारे बच्चों को समुचित शिक्षा देकर एक योग्य नागरिक बना सके ।

हमें इन्हीं बातों के ऊपर ज्यादा ध्यान देना चाहिये और जो हमारे भाई पीछे पड़े हैं, तबाह हैं, जो अपने बच्चों को नहीं पढ़ा सकते हैं, उनके लिये इस तरह का कानून बनाना चाहिये जिससे उनके बच्चों को समुचित शिक्षा मिल सके और उनका परिवार उन्नतिशील हो । आज इस तरह की चीजों को समझने का समय है, इस तरह की चीजों को करने का समय है, जिससे हमारी स्वतंत्रता, हमारी योजनाएं सफलतापूर्वक पूरी हो सकें । आज क्या बात है कि लोगों के दिल व दिमाग में इस तरह की बातें आ रही हैं? आज क्यों लोगों के हृदयों में तरह तरह की प्रतिकूल बातें और इस तरह के भाव उ रहे हैं ? हमें इन बातों की तरफ सोचना चाहिये कि लोगों में इस तरह के भाव क्यों उठ रहे हैं । उसका कारण, यह है कि जो लोग भूखे हैं वे सम्पन्न लोगों को जिन लोगों का पेट भरा है उनकी ओर जलन की दृष्टि से देखते हैं । उन्हें इस बात का दुःख होता है कि वे भी उनके साथ साथ क ों नहीं चलते हैं । जब वे लोग यह बात सोचते हैं कि हमने हिन्दुस्तान की आजादी के लिए साथ साथ काम किया है और जब हमारा देश आजाद हो गया है तो वे क्यों नहीं उनकी तरह से जो लोग सम्पन्न है, सुखी जीवन व्यतीत कर रहे हैं, उसी तरह का जीवन व्यतीत करें । इसलिए हमें यह बात सोचनी चाहिये कि जो लोग गरीब हैं, चाहे वे किसी भी जाति के हों, ब्राह्मण हों, क्षत्रीय हों, उन्हें भी उन्नति करने का समान अधिकार है। मैं देखती हूं कि इस तरह की कोई भी बात यहां पर नहीं उ ती । अगर कोई बात उठती है तो वह किसी जाति विशेष के लिए ही उठाई जाती है, उन्हीं के लड़के को पढ़ाने के लिए उठाई जाती है । आज हम देखते हैं कि हमारे जो हरिजन ाई हैं वे कुछ न कुछ काम तो कर लेते है। अगर एक जूता भी बना लिया तो वे दस रुपया पा जाते हैं। इस तरह से वे लोग कम से कम कुछ काम तो कर ही लेते हैं और सरकार की ओर से भी उन्हें हर तरह की सहायता दी जाती है। मैं सहायता दिये जाने का विरोध नहीं करती हूं । मैं आपसे यह कहना चाहती हूं कि अपने यहां जो सवर्ण लोग हैं, उनके लिये भी आप कुछ काम दें । इस समय उनके लिए न कोई काम है और न कोई उद्योग धन्धा ही है। वे लोग बहुत पीछे पड़ते चले आ रहे हैं । उनके लिए भी इस हाउस में कोई आवाज उठनी चाहिये, कोई कानून बनाना चाहिये जिस से उनके बच्चों और उनकी भी उन्नति हो सके । आज मैं देखती हूं कि अलग अलग जाति के लोग अपनी जाति की भलाई के लिए कानून बनाना और उनको सहूलियत देने की बात करते हैं। लेकिन कोई भी आदमी यह नहीं सोचता है कि इन लोगों के बच्चें भी एक दिन इस देश के नागरिक बनने वाले हैं तो क्यों नहीं उन्हें

सहूलियत दी जाय। बच्चे तो सब के बराबर हैं, चाहे वे आपके हों या दूसरों के। यह सब बच्चे देश के भविष्य में नागरिक बनने वाले हैं। हमें इस तरह की बात नहीं सोचनी चाहिए कि यह बच्चा सवर्ण का है और यह दूसरी जाति का है। बच्चा तो आखिर बच्चा ही है, उनका जीवन हमें सुधारना है ताकि वे इस देश के एक अच्छे नागरिक बन सकें।

इतना सुनने के बाद यह भी सुनने में आता है कि कुछ जाति के लोगों के लिए रिजर्वेशन आफ सीट्स की व्यवस्था की जा रही है। इस तरह की बात कब तक चलेगी? जहां दूसरों को बढ़ाने का सवाल उठता है, वहां पर सवर्ण के लिए भी कुछ उठाना चाहिये क्योंकि उनके बच्चे आज नष्ट हो रहे हैं। अगर सरकार की ओर से उन्हें प्रोत्साहन नहीं दिया जायगा तो वे इस देश के एक अच्छे नागरिक नहीं बन सकेंगे। इसलिए मेरी सरकार से प्रार्थना है कि वह इस तरह के लोगों की ओर भी ध्यान दे।

[MR. DEPUTY CHAIRMAN in the Chair.]

आज आप जिनको नौकर कह रहे हैं, आज जिन्हें आप घरेलू नौकरों का नाम दे रहे हैं मुझे दुःख होता है, वे ब्राह्मण और क्षत्रीय लोगों के ही लड़के हैं। तो मैं यह कहती हूं कि वे लड़के जो आठवीं कक्षा तक शिक्षा पाये हैं, दर दर घूम रहे हैं फिर भी उन्हें कहीं घरेलू नौकरी नहीं मिल रही है। आप जिस तरह से यह कानून बना रहे हैं उससे घरेलू कर्मचारियों को किसी तरह की सहायता नहीं मिलेगी। श्री राजभोज ने बिल में यह व्यवस्था की है कि उन्हें इतना रुपया मिलना चाहिये और इतना घंटा काम करना चाहिये। इस तरह की बात तो अच्छी है मगर इससे उन लोगों को फायदा पहुंचने के बजाय नुकसान अधिक होगा। इस समय घरेलू कर्मचारियों की जो हालत है उससे भी ज्यादा हालत खराब हो जायगी। आप इस बिल द्वारा घरेलू नौकरों के पांव में एक तरह से बेड़ी लगा दे रहे हैं। इसलिये मैं इस बिल को सपोर्ट करने के लिए तैयार नहीं हूं।

SHRI HARIHAR PATEL (Orissa): Mr. Deputy Chairman, the Bill under consideration is a piece of legislation purporting to secure better conditions of employment for domestic workers. I think it is the first of its kind and prior to this there has never been any piece of legislation regarding domestic workers. This Bill has been most possibly prompted by the demonstration of domestic workers that took place in Delhi some time back. Also, some leader of the domestic workers undertook a hunger strike and at that time some Members of Parliament promised them that they would bring in some legislative measure in Parliament. I think Mr. Rajabhoj might have been one of them. That is why this Bill. There can be no denying the fact that the grievances of domestic workers need to be considered sympathetically. It is true that the domestic workers are sometimes harassed by the employers, and to save them and to protect them from such miserable conditions is a humanitarian task, most needed also. But I do not understand how this piece of legislation can save them from those conditions.

The question of the service conditions of the domestic workers was also in the Agenda before the Indian Labour Conference held at Madras some time back, and that Conference considered it unfeasible to adopt any legislative measures for the regulation of the service conditions of domestic workers. The report of the Conference, of course, does not contain any reason as to why it was considered not feasible. However, it arrived at an alternative scheme regarding the matter, and it has been decided to make an experiment of the scheme at Delhi first, and it is recorded that the experience gained from the working of that scheme in Delhi might provide the basis for further action in the matter.

[Shri Harihar Patel.]

The scheme which has been termed Pilot Scheme advises the setting up of a Special Employment Office for domestic servants, and it was approved unanimously. The scheme in brief is as follows:

"The Special Employment Office will serve the employers and domestic servants in Delhi and New Delhi areas. It will be located in a centrally situated area in New Delhi well-served by public transport.

The Special Employment Office will work on the same lines as any other Employment Exchange. At the time of registration, domestic servants may be asked to give the names of two responsible persons who are residents of Delhi. The names of the referees should be recorded and may be supplied to the employer at his request when the applicant is submitted against a vacancy.

The Office will in addition maintain in a specially designed form a register of employers, who need domestic workers.

As the scheme is to function on a pilot basis, it may be centrally administered by D.G.R. & E. through the Director of Employment and Training, Delhi.

It is considered that a separate Advisory Committee composed of the representatives of the parties as given below may be set up to advise the authorities concerned on the working of this Employment Office:—

(i) Director of Employment and Training, Delhi—Chairman.

(ii) One Representative of the Organization of the Domestic Servants of Delhi.

(iii) One Representative of employers, preferably a housewife.

(iv) A social worker, preferably a lady interested in the welfare of domestic servants; and

(v) A Member of Parliament.

The Employment Officer in charge of the Special Employment Office will be the Secretary of the Advisory Committee.

The Special Employment Office will handle only placement of domestic workers. The Welfare of Domestic Workers will be looked after to the extent possible by a Labour Welfare Officer appointed for this purpose under the Director of Industries and Labour, Delhi Administration. The Employment Officer in charge of the Special Employment Office will, when required, render assistance to the Labour Officer in this respect by supplying information regarding the terms and conditions notified by the employer at the time of placing the demand for domestic workers."

It has been explained that the domestic workers constitute a special category of employment-seekers, and that a special office to handle them is likely to prove advantageous to them as also to employers who require such workers. It has also been said that such special offices have been set up in the past to cater to the needs of important occupational categories.

The Conference also decided that the Labour Welfare Officer and others connected with the administration of the scheme should collect, as far as possible, all the available data on the prevailing practice in respect of working hours, holiday facilities, rates of remuneration, dates on which salary was normally paid, period of employment, and other privileges available, so that further action might be planned on the basis of well-ascertained facts.

The scheme goes one step ahead inasmuch as it suggests the establishment of a Special Employment Office, to function like the Employment Exchange, for the domestic workers.

The scheme, however, is one step behind inasmuch as it suggests that some sort of enquiries and collection of data, facts and figures, etc., should be made before planning any action regarding wages, holidays, annual leave, casual leave, payment of wages, etc., to the domestic workers.

Thus it is evident that the scheme certainly involves a certain amount of delay, but all the same it seems to be a scientific and more reasonable approach to the problem. The problems sought to be dealt with by the Bill may be said to be grave but not imminent, and at the same time those are undoubtedly complex, most complex like our social structure. In the circumstances I cannot understand how some amount of study of the problems and serious thinking regarding measures of solution can be dispensed w th before making an enactment. I say all the more so because the Bill appears to me to be defective and injurious to the interests of the same persons whom it seeks to protect. For example, the Bill seeks to extend over the whole of our country, and yet it does not consider the varying standards of living and the different average incomes of the people in the different parts of our country, and lays down one rate of wages for all of them. The consequence of this will be that in many regions the extent of employment will be adversely affected. Big as our unemployment problem is, I think that nothing should be done which will result in more unemployment.

Also, the domestic servants are sometimes bound to be paid in various ways. Reducing it to the manner of cash payment only will complicate matters.

It will be seen in the Bill that clauses 5 to 8 declare the role or the part to be played by the police in the matter. I do not understand why the mover of the Bill places so much reliance and faith on the police. My apprehension is that they will deal with domestic workers as if they are just criminals.

Then, Sir, let us think about the weekly holidays. It is la'd down in the Bill that one day in a week should be allowed as holiday to the domestic servants. Suppose somebody is living with a servant in Delhi. Will he allow a holiday to the servant, and on that day will he cook his own food himself and for his servant? Or, will both of them cook separately, or will both of them observe a fast? Instead of a weekly holiday it becomes a weekly fasting day. It is not possible to lay down any such rigid conditions with regard to domestic servants.

In my opinion, a Bill imposing a code of conduct consisting both of prescriptive and restrictive terms and conditions would have been more useful for the purpose. I think it will be more desirable to wait for some time and see the working of the proposed Pilot Scheme, and in the light of the experience gained in the working of that scheme we should in future sponsor some sort of Bill wh ch will be really useful for the purpose.

Thank, you, Sir.

DIWAN CHAMAN LALL (Punjab): Sir, I have listened with a great deal of interest to the several speeches that have been made on the subject. I must begin by congratulating my friend, Mr. Rajabhoj. Although his Bill is hardly food for the Gods—which I presume is the exact translation of his own name—yet, I would certainly congratulate him for having taken this pioneer step in bringing to the notice of this House the necessity for a legislation of this nature. But some of the speeches that have been made, Mr. Deputy Chairman, have reminded me of the years past, of the time, for instance, when I moved a Bill for the weekly payment of wages in the other House many many years ago. I hear echoes of those speeches made on that occasion in this House after the lapse of many years. But people seem to forget that an ameliorative legislation of this nature is the *sine qua non* of a welfare society. No doubt there are difficulties, very serious difficulties that will face us when we pass a legislation of this kind, but

[Diwan Chaman Lall.]

some legislation of this kind has to be undertaken in the interests of the working classes of this country.

I would ask my friend, Mr. Rajabhoj, what he thought was the approximate extent or the number of people employed as domestic servants in India. The figure would run into a few millions. Obviously we cannot touch on a matter like this with levity or without due caution, and there I agree with all the speakers who warned us, cautioned us about the necessity of taking full counsel with the experts in order that any legislation of this nature may be not only ameliorative but in the interests of the domestic servants for whom we have brought forward this legislation. Now, Sir, I would advise my hon. friend, Mr. Rajabhoj, first of all, to withdraw this particular measure. I say this advisedly because the measure is not only inadequate, but also it is likely to produce more evils than good that he is contemplating should be done to the domestic servants. There are two aspects of this measure which are rather extraordinary. One of them relates to certain correspondence to be carried on by the police with regard to the original residence of the people who are engaged. I believe that there are roughly 80 million families in India. I dare say that a good proportion of those families—let us put it down at half, 40 millions of them—employ some sort of domestic assistants. The result would be that in the initial stage, the police would have to write and receive something like a hundred million letters. It is an extraordinary proposition that my learned friend has propounded in this measure—a volume of correspondence will be there. When you write one letter, you receive a reply and for 40 million letters written, 40 million letters are got in reply. But there is no permanency of employment nor is it assured under the Act, and every time when a new servant is employed, another letter will be issued and another reply will be received. This is an extraordinary proposition. But there is another aspect of it which is a little more extraordinary. If you look at the clauses of this measure, up to clause 8, you will find that my learned friend, Mr. Rajabhoj, whose intentions are of the highest and whose intentions in regard to this measure I commend to the attention of this House, wants to turn our country into a police State. Then, not only will there be this enormous correspondence and the police will have no other work to do except to sit down and write letters and receive replies, but also the police will have the power to enter any premises where the domestic servant is employed in order to check up and see whether the information given by the employer is correct or not, or whether the provisions of this measure are being properly complied with or not. Now, that might have been possible under a regime like the Nazi regime in Germany or it may be possible under certain other regimes of a totalitarian nature, but not under a democracy. It used to be said that the Englishman's home was his castle, and I hope my learned friend also believes that an Indian home is equally sacred and not open to inspection by the police at any time. A policeman of the grade of inspector might take it into his head to enter a premises in order to find out whether the provisions of this measure are being complied with or not.

These two matters will have a very serious effect, but this is up to this stage; up to clause 8 the defects are there. Then my learned friend goes on from clause 8 onwards to deal with certain ameliorative steps that he wants the Legislature to take in order to improve the lot of the domestic servants. He has listed these matters. One of them is the imposition of minimum wage which, according to him, should be Rs. 30 for a boy who has not attained majority and Rs. 40 for one who has, per month. He does not specify whether that is with food or without food; he does not specify whether that is with uniform or without uniform; he does not specify whether it is with residence or

without residence. He has taken a figure, an *ad hoc* figure, without any consideration as to what the effect of that figure is likely to be. Therefore, it is a matter to be carefully considered. One of my colleagues—the lady who spoke very eloquently about this matter—has drawn attention to the disability which would be incurred by large numbers of domestic servants if an imposition of this nature is made by law. It may conceivably result in a large amount of unemployment. We have no method in our country yet of insuring the unemployed. I hope my friend, Mr. Rajabhoj, will sooner or later bring on the floor of this House a measure which will deal with unemployment insurance for our people in this country. I hope the time will come, but we cannot obviously pass a measure which would result in more unemployment than exists today, or rob the domestic servants of their livelihood when the objective is not to injure them, but to benefit them.

Sir, he has also talked about weekly rest—a day in a week. He has talked about various other provisions like casual leave of twelve days which a man may take—or he may take cash payment in lieu thereof—and fifteen days' leave after a year of service. He has also talked about the prompt payment of any arrears when the employer terminates his services, that is, any arrears due to him should be paid within three days. This is the sum total of the beneficial measures that my learned friend, Mr. Rajabhoj, wants us to pass for the benefit of the domestic servants. But he has forgotten some very important factors concerning the amelioration of domestic servants, which matters have been before an international body for many long years, from the year, I believe, 1930 onwards. My friend, Mr. Abid Ali, is fully aware of the implications of the series of conventions that have been passed and of certain recommendations that have been made by the International Labour Office governing the conduct of legislation in respect of domestic servants. Sir, I believe it was in the year 1927 as far as I can remember, because I remember myself having gone as a delegate to the International Labour Organisation in 1925, but the matters concerning domestic servants did not come up until 1927, although I believe they did come up again when I went as a delegate in 1928. In 1927, we passed a convention which was the 24th Convention regarding sickness insurance applicable also to domestic servants. I want to explain to the House that the International Labour Conference either makes recommendations or passes conventions. The recommendations are to be left to the judgment of the governments concerned, but a government that is a party to the convention or a party to the International Labour Organisation has to bring that convention before the competent legislature, either within a year or within eighteen months at the most, for consideration. And it is for the legislature to decide whether it will accept or it will reject the Convention. If the legislature accepts it, the matter ends there. If it does not accept it, then my learned friend has got to write back to the Secretary-General of the International Labour Organization, report to him that "in these circumstances" the legislature has not accepted this Convention. And the matter rests there and ends there.

Now sickness insurance was one of the first things that was decided. In those days we were not free. The matter came up and the matter was rejected. We were not in a majority in the Lower House at the time. I was a Member of the other House at the time. And time and again, Sir when these Conventions were brought before the House, they were turned down, because the Government of the day did not desire to be a party to legislations of this nature in our country. But things have changed since those days, since sickness insurance for domestic servants was suggested in the 24th Convention or old age insurance—also for domestic servants—in the 35th Convention. The 37th Convention talked about invalidity insurance relating to domestic

[Diwan Chaman Lall.]

servants. The 39th Convention referred to widows and orphans. And finally, the 42nd Recommendation—not a Convention—referred to the setting up of employment exchanges for the purpose of domestic servants and others.

DR. SHRIMATI SEETA PARMANAND. Is India a signatory to the Conventions referred to earlier?

DIWAN CHAMAN LALL: I am sorry that my learned friend is confusing herself by not following what I am saying. I was trying to explain, to her benefit particularly, the difference between a Recommendation and a Convention.

DR. SHRIMATI SEETA PARMANAND: I am not talking of the Recommendation to which you referred last; but to the Conventions I was referring.

DIWAN CHAMAN LALL: I was trying to explain, Sir, for her benefit particularly, what a Convention is. When a Convention is passed by the International Labour Office, then those countries represented there are under an obligation . . .

DR. SHRIMATI SEETA PARMANAND: Not unless they sign it. Let me explain it. With regard to the Convention of equal wages, the United States and the U.K., even today, are not signatories to that.

DIWAN CHAMAN LALL: My learned friend does not understand what the procedure is. I have tried to explain it. Let her have a little patience and she will understand what I am trying to say further. It is not a question of being signatories. In respect of a Convention which is passed by the I.L.O., every country, which is represented at the Conference, is under an obligation to bring that Convention to the notice of the competent legislature of that country. It is for the legislature—not for the Government—to decide whether that Convention shall be accepted or not. Now I hope my learned friend has understood the position. It is not a question of being a signatory; it is a question of being under an obligation, a compulsory obligation to bring it to the notice of the competent legislature.

DR. SHRIMATI SEETA PARMANAND: I beg to differ from my learned friend. I say on reliable information that it has to be signed.

SHRI V. PRASAD RAO (Andhra Pradesh): It is a matter for arbitration, it appears.

DIWAN CHAMAN LALL: Now, Sir, let me take my learned friend to the Conventions and Recommendations of the International Labour Conference, where it is said that, in the case of a Convention, the Convention will be communicated to all members for ratification.

(*Interruption.*)

I do not want my learned friend to shift her ground now. I want her to listen.

Each of the members undertakes that it will, within the period of one year at the most from the closing of the Session of the Conference or, if it is impossible in exceptional circumstances to do so within the period of one year, then at the earliest practicable moment, and in no case later than at the earliest practicable moment, and in no case later than eighteen months from the closing of the Session of the Conference, bring the Convention before the authority or authorities, within whose competence the matter lies, for the enactment of legislation or other action.

Now I hope my learned friend has understood and withdraws the challenge.

DR. SHRIMATI SEETA PARMANAND: Sir, I would not like the hon. Member to cast aspersions in this manner. There is no question of understanding. The question is of ratification and whether India is a party to it.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No speech. Please sit down.

SHRI ABID ALI: I shall explain it.

SHRI AMOLAKH CHAND: Diwan Chaman Lall would be the last person to cast any aspersions on anybody.

DIWAN CHAMAN LALL: Now, Sir, my learned friend must understand the position carefully. The position is exactly as I stated it, when my learned friend interrupted me. I have stated it quite clearly, namely that every member present at the Conference has to bring forward the Convention before the competent legislature, and if the competent legislature passes it, then the member country becomes a party to that. And if the competent legislature refuses to pass it, the matter ends there. I said that and I do not think my learned friend understood me at the time when I was trying to explain this position.

DR. SHRIMATI SEETA PARMANAND: My question is not answered. Has India ratified it, that regarding domestic servants?

DIWAN CHAMAN LALL: Again my learned friend must realise that she must not interrupt in a matter which she does not understand. I said so earlier, and I say again that at that time we had a different Government. That Government brought in this type of Convention before the legislature and it was refused; it was rejected. In some cases they did not follow that particular procedure, but that is a different matter.

Now, Sir, I would like my learned friend, Mr. Rajabhoj, to have brought in matters of this kind, matters relating to unemployment insurance, matters relating to the types of insurance that are envisaged by the Conventions that have been passed by the International Labour Conference, and since his is an inadequate measure, may I make a personal appeal to him to withdraw this measure: May I also appeal to him: let him consider this carefully; let him take counsel in regard to this matter; let him call a conference of those interested in these matters so that . . .

SHRI AKBAR ALI KHAN (Andhra Pradesh): Let him collect proper data.

DIWAN CHAMAN LALL: Let him collect proper data—I quite agree with my learned friend—so that legislation of a proper kind, which should be beneficial and not detrimental to the interests of domestic servants, is brought forward and passed by this House. That is my plea. Of course there is no doubt that at the present moment grave difficulties do arise. I remember, when I was in New York a few years ago, seeing an advertisement for domestic servants on 240 dollars a month and the use of a fur coat during the week-ends. We are not advanced as America is advanced. Obviously therefore our legislative activity in respect of these matters has to be of a type which will be suitable to us and not of a type which will be suitable to Americans, for instance. Hence I suggest that my learned friend may take counsel with the officers of the Government and the Ministers and of those who are interested, and bring forward a measure which would be acceptable to everybody, not injure their interests but benefit the domestic working class.

—

STATEMENT *RE* ALLEGED VIOLATION OF AIR SPACE OVER NEFA

THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI V. K. KRISHNA MENON): Mr. Deputy Chairman, Sir, there has been a short notice question in the House in regard to violations of our air space by unidentified planes over the Subansiri Division of NEFA and Kamrup district of Assam. In view of the numerous press reports which have appeared during the last few days regarding this matter and the deep concern which has been expressed in the House over such matters, Government have decided to place before the House a comprehensive statement regarding the whole question.